FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : दूसरी | **विषय : हिन्दी**

PAPER CODE : 2011 | **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO – L-204 - अपनी निजी जिंदगी और परिवेश पर आधरित अनुभवों को सुनायी जा रही सामग्री; जैसे- कविता, कहानी, पोस्टर, विज्ञापन आदि से जोड़ते हुए बातचीत में शामिल करते हैं।

गतिविधि 1. सजाओ चित्र, बताओ मित्र

व्यक्तिगत कार्य – पुराने अखबार, पुरानी पुस्तकों से कम से कम पाँच पशुओं/पक्षियों के चित्र काटकर जमा करो और उसके बारे में बताओ।

गतिविधि 2. देखो, समझो और बताओ

जैसे – 'मोर' का चित्र दिखाकर उसके बारे में अधिक से अधिक बताने को कहें।

गतिविधि 3. इसके बारे में क्या जानते हो ?

कक्षा में किसी एक वस्तु का रेपर दिखाकर जैसे– चॉकलेट, बिस्किट, साबुन, आईसक्रीम इत्यादि। इसके बारे में बातचीत प्रश्नों के माध्यम से करें, जो बच्चों के अनुभव में शामिल हो। जैसे – बिस्किट का रेपर

1. यह किस चीज का रेपर (झिल्ली) है ?
2. इसका क्या उपयोग है ?
3. तुम इसे कहाँ से खरीदते हो ?

खण्ड 'ब' (अंक 05)

LO – L-206 - अपनी कल्पना से कहानी, कविता आदि कहते/ सुनाते हैं / आगे बढ़ाते हैं।

गतिविधि 4. कविता आगे बढ़ाओ

जैसे मैं तो सो रही थी। मुझे कुत्ते ने जगाया। बोला भौं–भौं–भौं ....

गतिविधि 5. कहानी पूरी करो

बच्चों के स्तर अनुसार कोई एक कहानी शुरू करें, दो–तीन वाक्य स्वयं बोलने के बाद बच्चों से एक–एक करके एक वाक्य जोड़ते हुए कहानी आगे बढ़ाने के लिए कहें। उदाहरण – जंगल में एक शेर रहता था। वहाँ का वह राजा था। उस जंगल में बहुत से जानवर रहते थे ....

(आगे बच्चों से कहानी आगे बढ़ाने को कहे) इस प्रकार अन्य कहानी भी अपने सुविधा अनुसार बना सकते हैं।

गतिविधि 6. मुझे सुनाओ तुम एक कहानी/कविता

अपनी पसंद की कोई एक कहानी या कविता बच्चों से सुनाने के लिए कहें।